# E-News Letter October 2019



Shri Naveen Jain (Mayor)



ShriArunPrakash (Municipal Commissioner)




ShriKunwar Bahadur Singh(Additional Municipal Commissioner)




**Agra Nagar Nigam Near Sur Sadan, M.G.Road, Agra**


**E-Mail-amcagra1@gmail.com**

**माह अक्टूबर 2019** में आगरा नगर निगम की टीम व डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत सोर्स सेग्रीगेशन (गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग) करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।





















8-A/GN/79/2, Ganesh Nagar, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
25°C
77°F
2019-10-03(Thu) 09:11(AM)


8/153-A, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
30°C
86°F
2019-10-03(Thu) 10:50(AM)


2019-10-03(Thu) 10:49(AM)


8/215-A/C, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-10-05(Sat) 09:45(AM)


8/215-A/C, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-10-05(Sat) 09:46(AM)



8/215-A/C, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-10-05(Sat) 09:42(AM)


8/215-A/C, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-10-05(Sat) 09:45(AM)


8/215-A/C, Kaushalpura, Agra, Uttar Pradesh 282005, India
Agra
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-10-05(Sat) 09:41(AM)


72-A, Kakraita, Agra, Uttar
Pradesh 282004, India
06 Oct 2019 10:18 AM
haze
27.0 °C


Unnamed Road, Tajganj, Kahrai, Uttar Pradesh 282001, India
Kahrai
Uttar Pradesh
India
28°C
82°F
2019-10-07(Mon) 08:18(AM)


9-A, Kakraita, Agra, Uttar Pradesh
282004, India
08 Oct 2019, 10:54 AM
Clear
31.5 °C
88.8 °F

## आगरा नगर निगम की टीम द्वाराअक्टूबरमाह में अतिक्रमण के लिये की गयी कार्यवाही

### हटाये गये अवैध अतिक्रमण का स्थल/स्थान

दिनांक 01.10.2019:-**नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में भगवान टॉकिज चौराहा से सूरसदन चौराहा तक के दोनो तरफ फुटपाथ पर हो रहे अस्थायी/स्थायी अतिकमण को हटाया गया। चलाये गये अभियान में 25 से भी ज्यादा ठेल/खौके और फेरी वालो को हटाया गया तथा साथ ही चेतावनी भी दी कि भविश्य में फुटपाथ पर किसी प्रकार का अतिकमण न किया जाये अन्यथा सामान को जब्त करते हुए भारी तादात में जुर्माना वसूला जायेगा और कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।**






दिनांक 02.10.2019:-**आगरा नगर निगम परिसर में गाँधी जयन्ती पर्व के अवसर पर नगर आयुक्त महोदय के द्वारा सुबह 8:00 बजे झंडा फहराया गया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त महोदय, सहायक नगर आयुक्त महोदय एवं प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), प्रर्वतन दल के सभी सदस्य तथा समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहेऔर नगर निगम के सभी अधिकारीगणों एवं कर्मचारियों को भारत स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यकम के उपरान्त स्वच्छ भारत मि□ान के अन्तर्गत नगर निगम के द्वारा 100 से भी ज्यादा क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में गाँधी आश्रम, एतमाददौलाक्षेत्र में नगर आयुक्त महोदय, अपर नगर आयुक्त महोदय, एवं प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), प्रर्वतन दल के सभी सदस्य तथा स्थानीय मा0 पार्शद महोदय, क्षेत्रिय नागरिकों के द्वारा सुबह 9:00 बजे से 4:00 बजे तक गाँधी आश्रम पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही गाँधी जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया।**







दिनांक 03.10.2019:- नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में दिवानी चौराहे से सूरसदन चौराह क्षेत्र में अस्थायी/स्थायी अतिकमण हेतु अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से रखे हुए 15 अस्थायी खोके और ठेलों को हटाया गया और आगरा फोर्ट क्षेत्र में एस0एफआई0 श्री एम0पी0 सिंह की मद्द से 11 अवैध अस्थायी ठेलों को हटवाया और साथ ही अवैध पॉलिथीन पर रू0 6000/- तथा गन्दगी पर रू0 4500/- का भामन भाुल्क वसूला गया। इस प्रकार कुल रू0 10500/- का भामन भाुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश में जमा कराया गया।साथ ही अवगत कराना है की नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे अमन मार्केट, राजैपुर चुंगी क्षेत्र में वी मार्ट के पास नॉन वेज की दुकान को बन्द करवाया गया।







दिनांक 04.10.2019ः-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में ट्रान्सपोर्ट नगर में सौंधी बैटरीज दुकान से कबाड़े वाली रोड़ तक लगे हुये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से रखे हुए 25 अस्थायी खोके/ठेलों और 10 अवैध टीन सैडो को हटाया गया। जिसमें प्रतिबन्धित पॉलिथीन पर रू0 2000/– का भामन भाुल्क वसूला गया तथा खन्दारी क्षेत्र में चलाये गये अभियान में प्रतिबन्धित पॉलिथीन पर रू0 2000/– का भामन भाुल्क वसूला गया। इस प्रकार कुल रू0 4000/– का भामन भाुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश में जमा कराया गया।साथ ही अवगत कराना है कि प्रवर्तन टीम द्वारा आवास विकास कॉलौनी सैक्टर 03ए, में रास्ते पर बने अवैध रैम्प का मौके पर निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा कॉलौनी में बनी हुयी अवैध रैम्पों को हटाने की चेतावनी दी गयी।।





दिनांक 05.10.2019:-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से शाहगंज मुख्य चौराहा, पंचकुईया शाहगंज रोड, क्षेत्र में लगे हुये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमण को हटाने हेतु अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से रखे हुए पान के खोके के ऊपर डाले जा रहे टीनभोड को रूकवाया गया। तथा चेतावनी भी दी गयी कि भविश्य में इस प्रकार की दुबारा कार्यवाही न की जाये अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायगी।





दिनांक 06.10.2019:-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से बजीरपुरा

पालीवॉल पार्क से होली पुरा चौराहे (डाकखाना वाली गली) बजीरपुरा क्षेत्र में लगे हुये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमणों को हटाने हेतु अतिकमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप हो रहे अतिकमण को हटवाते हुए, लगभग 30 अवैध टीन भोड, 95 अवैध रेम्प, 18 अवैध ठेलो/खोकों को हटवाया गया। चलाये गये अभियान के दौरान प्रवर्तन दल को स्थानीय दुकानदारों एंव जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। साथ ही अतिकमण का रू0 2000/– का भामन भुल्क वसूला कर आगरा नगर निगम कोश में जमा कराया गया।





दिनांक 10.10.2019-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से शाहगंज मुख्य चौराहा, पंचकुईया शाहगंज रोड, क्षेत्र में लगे हुये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमण को हटाने हेतु अतिकमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से रखे हुए पान के खोके के ऊपर डाले जा रहे टीनभोड को रूकवाया गया। साथ ही अवगत कराना है कि सोरो कटरा चौराहे पर अवैध ठेलो द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया। और अवैध खोकों को हटाने की चेतावनी भी दी गयी कि भविश्य में इस प्रकार की दुबारा कार्यवाही न की जाये अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायगी।





दिनांक 11.10.2019–जारी रोस्टर के अनुसार आज दिनांक 11.10.2019 को नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में देहली गेट क्षेत्र में बाबू गुलाबराय मार्ग से ओ0पी0 मार्केट तक लगे हुये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमणों को चिन्हाकित गया। और साथ ही चेतावनी दी गयी कि अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमण को दो दिवस के अन्दर स्वंय हटालें अन्यथा दिनांक 14.10.2019 कानगर निगम आगरा द्वारा हटा दिया जायेगा।






दिनांक 14.10.2019–आज दिनांक **14.10.2019** को नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से राजपुर चुंगी क्षेत्र में अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमणों को हटाने के लिए अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में मुस्कान रेस्टोरेन्ट के द्वारा किये जा रहे अवैध अतिकमण को हटाये जाने की कार्यवाही की और साथ ही रेस्टोरेन्ट संचालक को सम्पत्ति के दस्तावेज लेकर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होने के लिए बताया गया।






दिनांक 15.10.2019–आज दिनांक **15.10.2019** को नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से सुभाष नगर (कमलानगर) क्षेत्र में अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमणों को हटाने हेतु अतिकमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से लगायी गयी सब्जी और फल की दुकान को हटाया गया। जिसमें प्रतिबन्धित पॉलिथीन पर रू0 **2000**/– का भामन भाुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश में जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है कि बजीरपुरा क्षेत्र में हो रहे अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमण को हटवाने के लिये अभियान चलाया गया जिसमें स्थानीय नागरिको द्वारा बनाये गये अवैध रैम्प को हटाने के लिये चेतावनी दी गयी।






दिनांक 16.10.2019–आज दिनांक 16.10.2019 को नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से हलवाई की बगीची, बोदला चौराहा क्षेत्र में अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से आग जलाने पर एन0जी0टी0 के तहत रू0 5000/– और गन्दगी पर रू0 200/– का भामन भाुल्कवसूला। इस प्रकार कुल रू0 5200/– का भामन भाुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश में जमा कराया गया।





दिनांक 17.10.2019-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से सहायक नगर आयुक्त श्री अनुपम भुक्ला एंव कर्नल ए0के0 सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में सिकंदरा़ चौराहा से कैला�ा मोड तक लगे हुए अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमणों को हटाने हेतु अतिकमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से लगायी गयी सब्जी, फल, कपडे और पेंट आदि की दुकानों को हटाया गया। जिसमें अग्रवाल रेडीमेट एण्ड क्लोथ स्टोर से 27 नग कम्बल जब्त कर नगर निगम आगरा के निर्माण स्टोर में जमा कराये गये और साथ ही चेतावनी दी गयी कि भविश्य में इस प्रकार की दुबारा कार्यवाही न की जाये अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायगी एंव जब्त किये गये कम्बलों को दुकानदार द्वारा रू0 3000/— का जुर्माना वसूल कर नगर निगम आगरा कोश में जमा कराया गया






दिनांक 18.10.2019-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से कर्नल ए0के0 सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में दयालबाग पुष्पाँजली बाग फेस—1 में तक लगे हुए अवैध अस्थायी/स्थायी अतिकमणों को हटाने हेतु अतिकमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से बनी रैम्पों को चिन्हित किया गया साथ ही चेतावनी दी गयी दो दिन के अन्दर अपनी अवैध रैम्पों को तोड़ कर नाली को खुला रखें और भविश्य में इस प्रकार की दुबारा कार्यवाही न की जाये अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायगी।

2. मस्ताकी बगीची क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहे मकान के निर्माण कर्य पर रोक लगवायी गयी साथ ही तकनीकि अमीन श्री भीकम पाल सिंह द्वारा मकान की पैमाईश कराई गयी तथा अवैध जमीन को चिन्हित किया गया। 3. साथ ही धांधू पुरा क्षेत्र में नगर निगम आगरा की

जमीन पर पैमाईश कराई गई तथा चिन्हांकत कार्य कराया गया।




दिनांक 19.10.2019:-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से कर्नल ए0के0 सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अवैध होर्डिंग/बैनर को हटाने का अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में एम0जी0 रोड़ पर 20x10 के 02 होर्डिंग, मधुनगर चौराहा पर 20x10 के 05 होर्डिंग, 05x15 के 02 होर्डिंग, 02x03 के 05 होर्डिंग, सेवला पर 20x1 के 03 होर्डिंग, 05x10 का 01 होर्डिंग, तथा फतेहाबाद रोड पर 20x10 के 03 होर्डिंग, कुल 21 अवैध होर्डिंग हटाये गये।


दिनांक 21.10.2019:-**सूरसदन चौराहा से भगवान टॉकिज चौराहा क्षेत्र तक नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से कर्नल ए0के0 सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अवैध होर्डिंग/बैनर को हटाने हेतु अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में 20X10 के 02 होर्डिंग, 05X05 के 02 होर्डिंग, 05 गेन्ट्री, 08 बोर्ड, हटाये गये। अवैध होर्डिंग/बैनर को हटाते हुए विज्ञापन भाुल्क में रू0 11,600/- का भामन भाुल्कवसूला। साथ ही अवगत कराना है अवास विकास सैक्टर 12 क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया।चलाये गये अभियान में अवैध रूप से कोयला भट्टी जलाने पर एन0जी0टी0 के तहत रू0 10000/- और अवैध अतिक्रमण जुर्माना धनराशि रू0 3750/- का भामन भाुल्कवसूला। इस प्रकार कुल रू0 25,350/- का भामन भाुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश में जमा कराया गया।**






दिनांक 22.10.2019:-अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के कम में जगनपुर बेला, दयालबाग आगरा में तकनीकि अमीन एवं प्रवर्तन टीम द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया, जिसमें नगर निगम सम्पत्ति पर किये गये स्थायी अतिकमणों को हटाने हेतु वहां के 23 अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस तामील कराये गये एवं चिन्हांकन की कार्यवाही की गयी।

2.साथ ही अवगत कराना है की अशोक नगर टीला, पचकुईया चौराहा क्षेत्र में नगर निगम आगरा में आर0आई0 एवं प्रवर्तन टीम के सहयोग से अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में नगर निगम आगरा द्वारा अवंटित दुकान में अवैध रूप से एरोमेंटिक कार्डोमम टिंचर बेचा जा रहा था। जिसे नगर निगम द्वारा सील कर ताला लगा दिया गया।






दिनांक 23.10.2019ः-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से फीगंज आगरा क्षेत्र में नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रोकने हेतु अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में आर0आई0 श्री वैभव यादव एवं प्रवर्तन टीम के द्वारा निमार्ण कार्य को रोका गया साथ ही मेन गेट पर ताला लगाया गया।





दिनांक 24.10.2019:-नगर निगम आगरा में तैनात प्रवर्तन टीम के सहयोग से बन कॉलोनी, सिकन्दरा आगरा में तकनीकि अमीन एवं प्रवर्तन टीम द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया, जिसमें नगर निगम सम्पत्ति पर किये गये अस्थायी/स्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु वहां के 02 अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस तामील कराये गये एवं चिन्हांकन की कार्यवाही की गयी। साथ ही अवगत कराना है कि राम नगर की पुलिया बोदला क्षेत्र में स्थित सलीम बाडे के द्वारा सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ चेतावनी दी गयी और अपने दस्तावेजों को नगर निगम में लाकर सम्बन्धि विभाग में जाँच कराने का निर्देश दिया।





**उ0प्र0 प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (विनियमन) अधिनियम, 2000 एवं अधिसूचना दिनांक 15 अगस्त, 2018 के तहत निर्गत माह अक्टूबर2019 में की गयी कार्यवाही-**

| जप्त की गयी कुल सामग्री | कुल जुर्माना (रू0) |
|---|---|
| 14 किलो 700 ग्राम | 76000.00 |

**कर्मचारी सेवानिवृत्ति** : नगर निगम, आगरा में कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके सेवानिवृत्ति उपरान्त देय भुगतानों के लिए एवं पेंशन स्वीकृति के लिये कार्यालय के चक्कर लगाना न पडे। इस हेतु नगर निगम, आगरा द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके समस्त देयों के भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 ससम्मान विदाई समारोह आयोजित करके हस्तगत किये जाते हैं।

माह अक्टूबर 2019 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 31.10.2019 को सेवानिवृत्त देय भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 वितरित किये गये। कुल1 सेवानिवृत्त कर्मचारी को विदाई समारोह में फूलमाला एवं शॉल पहना कर सम्मानित किया गया और कुल धनराशि रू. 618401.00 का चैक वितरणकिया गया।